पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-12 वृहस्पतिवार, दिनांक-26 मार्च, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-15 अगली तिथि के लिए स्थगित ।

(ii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-554 परिवहन विभाग में स्थानान्तरित ।

(iv) 34 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री प्रेम कुमार, श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री कन्हैया कुमार एवं श्री जनक सिंह से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गयी ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री संजय सिंह (टाइगर)

(ii) श्री प्रदीप कुमार

(iii) श्री प्रेम कुमार

(iv) श्रीमती पूनम देवी यादव

(v) श्री कृष्णनन्दन यादव

(vi) श्री राजेश्वर राज

(vii) डा० इजहार अहमद

(viii) डा० दाउद अली

(ix) श्रीमती नीता चौधरी

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्य श्री विनोद नारायण झा एवं अन्य सभासदों का योजना एवं विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री विनोद नारायण झा द्वारा पढ़ा गया ।

(ii) मा० सदस्या श्रीमती रेणु कुमारी एवं अन्य सभासदों का परिवहन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्या श्रीमती रेणु कुमारी द्वारा पढ़ा गया ।

''इस दौरान विपक्ष के मा० सदस्यगण विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।''

''आसन द्वारा विपक्ष के मा० सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपनी-अपनी सीट पर जायें एवं शांति बनाए रखें, किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

समय 2.00 बजे अप० से 2.05 बजे अप० तक ।

(इस अवसर पर मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

<u>वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (ग्रामीण कार्य विभाग, संसदीय कार्य विभाग तथा विधान मंडल) पर वाद-विवाद एवं मतदान</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

आसन से कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले मा० सदस्यों का नाम पुकारा गया लेकिन किसी मा० सदस्यों के द्वारा कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया ।

इस बीच छात्रों पर कथित पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किए जाने के नाम पर सदन में विपक्षी सदस्यों द्वारा शोरगुल किया जाने लगा एवं विपक्ष के सदस्यगण वेल में आ गए ।

आसन द्वारा बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें एवं अपनी-अपनी सीट पर जाकर अपनी बातों को कहें ।

परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी तथा सदन की कार्यवाही 4.45 बजे अप० तक के लिए स्थगित कर दी गई ।

<u>स्थगनोपरांत</u>

4.45 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक

मा० प्रभारी मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार ने ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की माँग पर अपना पक्ष रखा ।

तदुपरांत ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 13 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

इस दौरान विपक्ष के मा० सदस्यगण अपनी माँगों को लेकर वेल में आकर शोरगुल करते रहे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार दिनांक 27 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-26.03.2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।